दिन—गुरूवार दिनांक— 25 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में आयोजित किए जा रहे सांसद खेल महोत्सव में शामिल खिलाड़ियों और खेल प्रशासकों से संवाद किया। वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से देश भर में हजारों प्रतिभाशाली खिलाडी उभर रहे हैं। उन्होने कहा कि इसका दायरा और प्रभाव, दोनों ही काफी बढ़ गया हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह खेल महोत्सव युवा विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा है। श्री मोदी ने युवाओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन से युवाओं में हार—जीत से परे खेल भावना का विकास होता है और यह उन्हें सक्षम और अनुशासित युवा बनाता है। श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2030 में जब भारत अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ खेलों की मेज़बानी करेगा, तब पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही होगी। उन्होंने कहा कि ये युवा खिलाडियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलिम्पिक खेलों की मेज़बानी हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा है।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी एक सौ एकवीं जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्‌घाटन करेंगे और जन सभा को संबोधित करेंगे। राष्ट्र प्रेरणा स्थल देश की लोकतांत्रिक, राजनीतिक और विकास यात्रा पर गहरी छाप छोड़ने वाले श्री वाजपेयी के जीवन और आदर्शों के प्रति एक श्रद्धांजलि होगी। इधर, पटना के पाटलिपुत्रा पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

सर्द पछुवा हवा के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अगले तीन दिनों तक प्रदेश के विभिन्न भागों में शीतदिवस की स्थिति बनी रहेगी। विभाग ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी मधुबनी, कटिहार, बांका, रोहता, भभुआ समेत राज्य के उत्तरी, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में घना कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भागलपुर के सबौर में सात दशमलव छह और गया में न्यूनतम तापमान आठ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड के जैतपुर–भदवलिया गांव के कमलेश कुमार को अदम्य साहस, मानवता और परोपकार के लिए मरणोपरांत राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कमलेश कुमार के परिजन को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। ग्यारह वर्षीय कमलेश कुमार ने इस वर्ष जुलाई महीने में दुर्गावती नदी में डूबते एक बच्चे को अपनी जान की परवाह किये बिना बचाया था।

क्रिसमस का त्योहार आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईसाई धर्मावलंबी ईसा मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों को क्रिसमस ट्री और जगमगाते सितारों से सजाया हैं। एक दूसरे को बधाई के साथ–साथ उपहार भी भेंट कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि क्रिसमस को लेकर गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व को लेकर आज तख्त श्रीहरि मंदिर साहिब पटना सिटी से बड़ी प्रभातफेरी निकाली गई। इसके साथ ही यारह दिनों तक चलने वाली प्रभातफेरी का समापन हो गया। कल गायघाट गुरूद्वारे से नगर कीर्तन निकाला जायेगा। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह सत्ताईस दिसम्बर को तख्त श्रीहरि मंदिर पटना साहिब में आयोजित किया जाएगा। प्रकाश पर्व को लेकर बड़ी संख्या में देशभर से श्रद्धालु पटना साहिब पहुंच रहे हैं।

———————————————————————

बेगूसराय के गांधी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा राह है। केन्द्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह ने इसका उद्घाटन किया।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने अटल बिहारी वाजपेयी और मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर सीवान सदर अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के बीच फल और कंबल का वितरण किया।

———————————————————————

रोहतास जिले के डेहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहरी नौहट्टा मुख्य सड़क पर हाइवा गाड़ी की चपेट में आने से सिपाही बहाली के लिए दौड़ की तैयारी कर रहे दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————

समाप्त